पत्रिका

राजसमंद
RAJSAMAND

राजस्थान पत्रिका 03
उदयपुर, गुरुवार, 26 दिसम्बर, 2024

बालकों एवं महिलाओं का सर्वांगीण विकास सरकार की प्राथमिकता : सांसद

31 नंद घर, आधुनिक आंगनबाड़ी व अन्य विकास कार्य जनता को समर्पित

सामुदायिक भवन, वॉलीबाल मैदान सहित अनेक कार्यों का किया लोकार्पण

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

मदारा में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण समारोह में उपस्थित क्षेत्रवासी। रेलमगरा

रेलमगरा. सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने कहा कि महिलाओं के साथ बालकों का सर्वांगिण विकास देश की तरक्की में नितांत आवश्यक है, जिसके चलते बालकों एवं महिलाओं का समुचित विकास सरकार की मुख्य प्राथमिकता है। वे बुधवार को उपखण्ड क्षेत्र में विकास कार्यों के लोकार्पण समारोह को बतौर अतिथि संबोधित कर रही थी।

इस दौरान सांसद और विधायक के साथ ही जिला प्रमुख रतनी देवी, भाजपा के जिलाध्यक्ष मानसिंह बारहठ, सरपंच आशा जाट के आतिथ्य में रेलमगरा में राउमावि के बाहर खुला बरामदा, चामुण्डा माता मंदिर के समीप महिला स्नान घर, रामदेव मंदिर के समीप सामुदायिक भवन, बाग वाले बालाजी मंदिर के समीप चारदिवारी, तुलसी गोशाला के समीप मवेशी नांद, दादाजी बावजी स्थानक परिसर की चारदिवारी, अन्नपूर्णा माता मंदिर के समीप सामुदायिक भवन, जिंक की ओर से निर्मित वॉलीबॉल मैदान, रनिंग ट्रैक आदि विकास कार्यों का लोकार्पण किया। विकास कार्यों से क्षेत्र की तस्वीर बदली नजर आएगी।

मदारा में नव निर्मित विकास कार्य का लोकार्पण करते अतिथि। रेलमगरा

इस अवसर पर भाजपा के मण्डल अध्यक्ष चतरसिंह राठौड़, चौथलाल जाट, महामंत्री गिरिराज सोनी, उप सरपंच नवरतन सेन, समाजसेवी भरत जाट आदि मौजूद रहे।

मदारा में हिन्दुस्तान जिंक, वेदांता फाउण्डेशन के सहयोग से पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से अनिल अग्रवाल फाउण्डेशन के तहत जिले में निर्मित किए 31 नंद घरों एवं आधुनिक आंगनबाड़ी भवनों के लोकार्पण समारोह में सांसद मुख्य अतिथि थी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने कहा कि प्रदेश का भविष्य बच्चों और महिलाओं के विकास में निहित है। विशिष्ट अतिथि हिन्दुस्तान जिंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरूण मिश्रा ने कहा कि नंद घर की पहल से शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और सतत विकास की दिशा में काम किया जा रहा है। समारोह को बलवंत सिंह राठौड़, जिंक वर्कर्स फैडरेशन के महामंत्री कल्याणसिंह शक्तावत, अनुपम निधि ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व अतिथियों ने मदारा में निर्मित नवीन नंद घर का फीता काटकर उद्घाटन किया और ज्ञान संस्थान की ओर से बालकों को प्रभावी शिक्षा के क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

सांसेरा में किया किया आकस्मिक रूप से निरीक्षण

सांसद एवं विधायक ने उपखण्ड के सांसेरा स्थित जल देवी माता मंदिर विकास के लिए सरकार की ओर से स्वीकृत विशेष योजना कार्य का आकस्मिक रूप से निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य में गुणवत्ता एवं समय सीमा का ध्यान रखने के निर्देश दिए।